हर जनम में मैया तेरा साथ चाहिए,

हर जनम में मैया तेरा साथ चाहिए,
सिर पे मेरे मैया तेरा हाथ चाहिए,

सिलसिला ये टूटना नहीं चाहिए,
मुझको तो बस इतनी सौगात चाहिए,

हर जनम में मैया तेरा साथ चाहिए,
सिर पे मेरे मैया तेरा हाथ चाहिए,

मेरी आँखों में जोत तुमसे है,
मेरे जीवन में मौज तुमसे है,
रूठ सारी दुनिया तू रूठ ना रही,
मुझको तेरे प्यार की बरसात चाहिए,
हर जनम में मैया तेरा साथ चाहिए,
सिर पे मेरे मैया तेरा हाथ चाहिए,

मेरी दुनिया को तुम वसाई हो,
मेरी सांसो में तुम समाई हो,
दिन में साथ साथ तुम रहो मेरे,
सपनो में आती रहो रात चाहिए,
हर जनम में मैया तेरा साथ चाहिए,
सिर पे मेरे मैया तेरा हाथ चाहिए,

मुझपे तेरी किरपा यु कम ना है,
फिर भी छोटी सी एक तमना है,
मार ना जाए श्याम तुझे याद करके,
जीते जी तुझसे मुलाकात चाहिए,
हर जनम में मैया तेरा साथ चाहिए,
सिर पे मेरे मैया तेरा हाथ चाहिए,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/4057/title/har-zanam-me-maiya-tera-sath-chahiye-ser-pe-mere-maiya-tera-hath-chahiye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |